Title: Re: Delay in construction of proposed Dhalbhumgarh Airport.

श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर): महोदय, झारखण्ड राज्य के पूर्वी सिंहभूम जिले के अन्तर्गत धालभूमगढ़ एयरपोर्ट के निर्माण के लिए दिनांक 24.01.2019 को भूमि पूजन सम्पन्न हो चुका था ।

इस एयरपोर्ट के निर्माण एवं विकास के लिए केंद्र सरकार के द्वारा स्वीकृति दे दी गई है और लगभग 100 करोड़ रुपये का आवंटन भी किया है ।

धालभूमगढ एयरपोर्ट का निर्माण तीनों पूर्वी राज्य झारखण्ड, पश्चिम बंगाल एवं ओडिशा के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा । उल्लेखनीय है कि इस एयरपोर्ट से तीनों राज्यों के तीन बड़े औद्योगिक क्षेत्रों को विकास की एक नई दिशा मिलेगी । झारखण्ड का जमशेदपुर एवं आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र को विकास की एक नई दिशा मिलेगी । झारखण्ड का जमशेदपुर एवं आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र, पश्चिम बंगाल का पुरूलिया एवं खड़गपुर औद्योगिक क्षेत्र एवं ओडिशा का बालासोर (बालेश्वर) औद्योगि क्षेत्र इस प्रस्तावित एयरपोर्ट से मात्र 50 से 100 किलोमीटर के भीतर स्थित हैं ।

इस एयरपोर्ट के लिए अब तक झारखण्ड राज्य के वन एवं पर्यावरण विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को नहीं प्रदान किया गया है एवं नागरिक उड्डउयन मंत्रालय को इससे संबंधित प्रस्ताव झारखण्ड राज्य सरकार द्वारा नहीं भेजा गया है । मैंने गत 04.03.2022 को झारखण्ड राज्य के माननीय मुख्य मंत्री से मुलाकात कर धालभूमगढ़ एयरपोर्ट के निर्माण में आ रही अड़चनों को दूर करने के संबंध में एक ज्ञापन समर्पित किया एवं इस संबंध में वार्ता भी की थी । उन्होंने इस संबंध में सकारात्मक सहयोग का आश्वासन भी दिया था । परंतु वर्तमान राज्य सरकार के उदासीनता की कारण यह योजना अभी तक लंबित है ।

अत: इस संबंध में श्रीमान से निवेदन है कि धालभूमगढ़ एयरपोर्ट के निर्माण हेतु भवदीय के स्तर से माननीय मुख्य मंत्री, झारखण्ड सरकार से विचार विमर्श/वार्ता कर इसका निदान करना चाहेंगे ।

धन्यवाद ।

माननीय सभापति : श्री राजकुमार चाहर जी ? उपस्थित नहीं । श्री विनय सोनकर जी ? उपस्थित नहीं ।

श्री हाजी फजलुर रहमान जी ।